**भर्ती हेतु सूचना**

**तकनीकी अधिकारी (RBSK-DEIC)**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचबीआरसी), नई दिल्ली ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से ऊपर उल्लिखित पद के लिए पूर्णत: संविदा आधार पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाया है।

**कर्तव्य एवं जिम्मेवारियां**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण के तहत तकनीकी अधिकारी (आरबीएसके–डीईआईसी) निम्नलिखित कार्यों के लिए जिम्मेवार होगा :

- **तकनीकी सामग्री विकास :**
  डीईआईसी के लिए दिशानिर्देशों के विकास में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी का समर्थन। तकनीकी सामग्रियों के विकास, प्रशिक्षण पैकेज एवं प्रशिक्षण के साधन विकसित करने के लिए सुझाव उपलब्ध कराना। प्रशिक्षण पैकेजों के विकास के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों तक पहुंचने में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी का समर्थन।डीइआईसी के लिए प्रशिक्षण पैकेज का संकलन और समुचित आदेशों एवं निर्देशों के साथ राज्यों के लिए इसका प्रकाशन और प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करना।

- **क्षमता निर्माण :**
  4डी के निदान और प्रबंधन में डीईआईसी स्टाफ के क्षमता निर्माण की प्रक्रिया का नेतृत्व करना। सभी कर्मचारियों की प्रशिक्षण जरूरतों की पहचान, प्रशिक्षण कार्यक्रम को तैयार करने की योजना, प्रशिक्षण में क्वालिटी जांच प्रणाली सुनिश्चित करना, राष्ट्रीय और राज्य स्तरों पर टीओटी सुगम बनाना, प्रशिक्षण कैलेंडरों पर अनुवर्ती निरीक्षण, प्रशिक्षण उपरांत मूल्यांकन सुगम बनाना।

- **निगरानी और मूल्यांकन :**
  आंकड़े जुटाने के लिए साधनों और प्रणालियों की निगरानी के विकास के लिए सुझाव देना। निगरानी संकेतकों के विकास के लिए निगरानी दल को सुझाव उपलब्ध कराना। सुनिश्चित करना कि डीईआईसी डाटा सभी स्तरों पर नियमित और पूर्ण रूप से जुटाया जा रहा है। कार्यक्रम क्वालिटी सुधार के लिए फीडबैक उपलब्ध कराने के लिए आंकड़ों का विश्लेषण और समीक्षा करना। भारत सरकार को सौंपने के लिए तिमाही और सालाना रिपोर्ट तैयार करना। आवश्यकता होने पर मूल्यांकन अध्ययन सुगम बनाना। समस्या समाधान में डीईआईसी का सपोर्ट करना।

- **आईईसी :**
  आरबीएसके –डीईआईसी के लिए विकास करने और आईईसी रणनीति तैयार करने में संचार टीम का सपोर्ट करना। समुदाय में कार्यक्रम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए समुचित आईईसी संदेश विकसित करना। आईईसी सामग्रियों का विकास और उनका उपयोग सुगम बनाना।

- **प्रलेखन :**
  इस कार्यक्रम के डीईआईसी पहलु को तैयार करने के लिए अपनाई गई प्रक्रियाओं का विकास। राज्यों/केंद्र शासित क्षेत्रों में रूकीमों या अन्य ऐसे प्रयासों को तैयार करने में श्रेष्ठ अभ्यासों का प्रलेखन केस अध्ययन तथा उनका प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करना।

- **अन्य कार्य :**
  वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारियों और कार्यक्रम तैयार करने में प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से संलग्न संबंधित टीम का सक्रिय समर्थन। पद के स्तर और /या कार्यक्रम अधिकारी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से मिले एवं निदेशक के अनुकूल कोई अन्य संबंधित कार्य करना।

**दक्षताएं**

**कॉरपोरेट दक्षताएं :**

- जीवन मूल्यों और नैतिक मानदंडों की मॉडलिंग के जरिए सत्यनिष्ठा प्रदर्शित करना
- विजन, मिशन और रणनीतिक लक्ष्यों को प्रोत्साहन
- सांस्कृतिक, जेंडर, धर्म, नस्ल, राष्ट्रीयता और आयु संवेदनशीलता और स्वीकार्यता का प्रदर्शन
- बिना पक्षपात के सभी लोगों के साथ उचित बर्ताव

**कामकाजी दक्षताएं :**

- एनआरएचएम के तहत आरएमएनसीएच–ए में राष्ट्रीय और राज्य कार्यक्रम नीति, प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों का अच्छा ज्ञान
- नवजात शिशु और बाल स्वास्थ्य तथा विकास का तकनीकी ज्ञान
- एनआरएचएम के तहत फील्ड पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अच्छा ज्ञान

**अपेक्षित ज्ञान और कौशल :**

- बड़े स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की परिकल्पना, नवाचार, योजना और निष्पादन की सिद्ध क्षमता
- नवाचार एवं बदलाव के लिए उदारता की क्षमता
- अच्छा टीम प्लेयर होना चाहिए
- रिपोर्ट लेखन और प्रलेखन
- इंटरनेट नैवीगेशन और विविध कार्यालय एप्लिकेशन्स सहित कम्प्यूटर कौशल

**अपेक्षित कौशल और अनुभव**

**शिक्षा :**

- निम्नलिखित में से किसी विषय में एडवांस्ड डिग्री के साथ एमबीबीएसः सार्वजनिक स्वास्थ्य, पीडियाट्रिक्स, स्वास्थ्य नीति और प्रबंधन, परिवार स्वास्थ्य, सामाजिक–मेडिकल विज्ञान, एपिडेमोलॉजी, स्वास्थ्य शिक्षा, स्वास्थ्य संवर्धन और रोग निवारण, स्वास्थ्य देखभाल में शैक्षिक हस्तक्षेप

**अनुभव :– शिक्षा के उपरांत**

- नीति–सह–कार्यक्रम विकास, नवजात शिशु और चाइल्ड सर्वाइवल एवं विकास प्रयासों के क्षेत्र–आधरित प्रबंधन और कार्यान्वयन में अनुभव सहित प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम की निगरानी और कार्यान्वयन में राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर पेशेवर कार्य करने का पांच (5) वर्ष का अनुभव
- स्वास्थ्य नीति विश्लेषण और सामर्थ्य में प्रदर्शित अनुभव अनिवार्य है। प्रबंधकीय और विश्लेषणात्मक कौशल अनिवार्य गुण हैं।
- राज्य सरकार या अन्य अंतर्राष्ट्रीय विकास संगठन में कार्य का अनुभव परिसंपत्ति होगा।

**भाषा :**

- अंग्रेजी बोलने और लिखने में प्रवीणता
- ड्यूटी स्टेशन की स्थानीय भाषा का अच्छा ज्ञान  परिसंपत्ति होगा।

**आयुः** आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को अधिकतम 50 वर्ष आयु

**पारिश्रमिक सीमाः** 90,000/- रु. से 1,30,000/- रु. प्रतिमाह के बीच।

**आवेदन करने के लिएः** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **4-May-2017 को अपराह्न 4 बजे तक** mohfw.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।